रविवासरीय

# हिन्दुस्तान

1936

रविवार

भरोसा नए हिन्दुस्तान का



## झलक मिस, प्रणव बने मिस्टर फेयरवेल

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में शनिवार को 2020 बैच के लिए विदाई पार्टी का आयोजन हुआ। इसमें झलक अग्रवाल (बीओपीटीओएम) को मिस फेयरवेल और प्रणव अग्रवाल (बीपीटी) को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। दिव्यांशी सिंह (बीआरआईटी) को मिस वर्सेटाइल और आर्यन (बीएमएलटी) को मिस्टर वर्सेटाइल बनने का सौभाग्य मिला। विदाई समारोह में नूरिश (बीओटीटी) को सर्वश्रेष्ठ कलाकार चुना गया।

वाइब्रेंट क्लब के अध्यक्ष गौरव कार्की के सभी का स्वागत किया। कालेज के निदेशक प्रशासन आदित्य मूर्ति ने स्नातक बैच को शुभकामनाएं दीं। एसआरएमएस ट्रस्ट सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा, एसआरएमएस इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंसेज की प्रिंसिपल डा. जसप्रीत कौर, एसआरएमएस मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डीन यूजी डा. बिंदु गर्ग, डा. क्रांति कुमार थे।



एसआरएमएस इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंसेज में फेयरवेल पार्टी हुई।